भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1192

उत्तर देने की तारीख 06दिसंबर, 2021

सोमवार, 15 अग्रहायण,1943 (शक)

आत्मनिर्भर कुशल कर्मचारी-नियोक्ता मानचित्रण पोर्टल

1192 श्री पी.पी. चौधरी: श्री राजबहादुर सिंह: श्री प्रताप चन्द्र षडङ्गी:
श्री कृष्णपालसिंह यादव: श्री महेंद्र सिंह सोलंकी: श्री मनोज तिवारी:
श्री संगम लाल गुप्ता:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

[

(क) आत्मनिर्भर कुशल कर्मचारी नियोक्ता-मानचित्रण (एएसईईएम) पोर्टल के लक्ष्य और उद्देश्य और लक्षित लाभार्थियों का ब्योरा क्या है;

(ख) क्या यह पोर्टल प्रवासी आबादी के डेटा को एकीकृत करेगा जिससे यह प्रवासी आबादी के लिए लाभकारी सिद्ध होगा;

(ग) यदि हां, तो लाभार्थियों को डिजिटल सहायता प्रदान करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्योरा क्या है; और

(घ) एएसईईएम पोर्टल में डेटाबेस एकीकरण और डेटा की सुरक्षा की निगरानी के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने आत्मनिर्भर कुशल कर्मचारी नियोक्ता मैपिंग (एएसईईएम) पोर्टल प्रारम्भ किया है, जो कुशल कार्यबल की निर्देशिका के रूप में कार्य करता है। इसका उद्देश्य एक ऐसा मंच प्रदान करना है जो बाजार मांग के साथ कुशल कार्यबल की आपूर्ति से मेल खाता हो, जिससे युवाओं के लिए बेहतर आजीविका के अवसर और

नियोक्ताओं को तैयार कुशल जनशक्ति उपलब्ध हो सके। असीम पोर्टल का प्रबंधन मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा किया जा रहा है। 16.07.2021 तक, 1.3 करोड़ उम्मीदवारों को असीम पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है जिसमें सीधे पंजीकृत उम्मीदवार और स्किल इंडिया पोर्टल (एसआईपी) पर पंजीकृत उम्मीदवार शामिल हैं।

(ख) असीम पोर्टल एक ऐसा मंच प्रदान करने के लिए है जो बाजार मांग के साथ कुशल कार्यबल की आपूर्ति से मेल खाता है, जिससे प्रवासियों सहित युवाओं के लिए बेहतर आजीविका के अवसर और नियोक्ताओं को तैयार कुशल जनशक्ति उपलब्ध होती है। वर्तमान में, असीम पर लगभग 10 लाख प्रवासियों का डेटा/प्रोफाइल उपलब्ध है।

(ग) असीम में हितधारकों के साथ बातचीत के लिए तीन आईटी आधारित एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) संचालित इंटरफेस शामिल हैं:

i) मशीन लर्निंग और व्यक्तित्व के आधार पर स्वचालित मिलान का उपयोग करके हाइपर स्थानीय नौकरियों तक पहुंच वाले व्यक्तियों के लिए नौकरी का आवेदन।
ii) नियोक्ताओं के लिए वर्तमान और भविष्य की मांग का पूर्वानुमान लगाने के लिए मांग और अभियान प्रबंधन प्रणाली।
iii) विश्लेषण और अंतर्दृष्टि के लिए एक प्रबंधन डैशबोर्ड। इसका उपयोग भविष्य में निर्णय लेने के लिए भी किया जा सकता है।

(घ) डेटा स्वच्छता और डेटा सुरक्षा बनाए रखने के लिए एनएसडीसी के स्वामित्व वाले और प्रबंधित सर्वर पर सभी डेटा बनाए रखा जाता है। इसके अतिरिक्त, पंजीकरण के समय उपयोगकर्ता द्वारा प्रदान किए गए विवरण के वैधीकरण के उपरांत ही उपयोगकर्ताओं को सिस्टम तक पहुंच प्रदान की जाती है।

****